राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com


सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण शुक्रवार 07 मार्च 2025 वर्ष-8,अंक-18 पृष्ठ-08 मूल्य-01 रूपये

Website : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम





## लंदन में एस जयशंकर की सुरक्षा में चूक, भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

**-खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के पास पहुंचा और तिरंगे का किया अपमान**

**नई दिल्ली।** लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में हुई चूक पर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अलगाववादियों और चरमपंथियों के समूह के उकासवे की गतिविधियों की निंदा करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक कार्यक्रम से लौटने समय जयशंकर की कार की तरफ से एक खालिस्तान समर्थक बढ़ा और तिरंगे का अपमान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हमने सुरक्षा में चूक की फुटेज देखी है। उन्होंने कहा कि चरमपंथियों और अलगाववादियों के समूह के उकसावे की गतिविधियों की हम निंदा करते हैं। हम ऐसे तत्वों की तरफ से लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के गलत उपयोग की निंदा करते हैं। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मेजबान सरकार ऐसे मामलों में अपने कूटनीति दायित्वों का पालन करेगी। जयशंकर 6 दिवसीय ब्रिटेन और आयरलैंड के दौर पर हैं। हाल ही में उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, अपने समकक्ष डेविड लैमी के साथ मुलाकात की थी और रूस-यूक्रेन समेत कई मुद्दों पर चर्चा की थी।

## संभल हिंसा के एक आरोपी का फोटो वाला पोस्टर पुलिस ने सार्वेजानिक स्थानों पर लगवाया

**संभल ।** जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद उत्तरप्रदेश पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपितों की तलाश जारी है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपित का फोटो दिखाई दे रहा है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। इसके बाद अब पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपित की पहचान कराने को आरोपी का फोटो वाला पोस्टर सार्वजनिक स्थान पर चस्पा कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने अब तक करीब 76 आरोपितों की पहचान कर जेल भेज दिया है। बवाल के बाद एकत्र की गई सीसीटीवी की इन्हीं फुटेज में पुलिस को एक फुटेज ऐसी मिली है, जिसमें एक युवक भीड़ में शामिल लोगों को अपनी ओर आने का इशारा कर रहा है। पुलिस उस आरोपित की पहचान कराने में लगी रही, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी आरोपित की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे आरोपित युवक के फोटो वाले पोस्टर छपवाकर नगर में सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करवाए हैं, जिससे उनकी पहचान और उसके खिलाफ कार्रवाई हो सके। पुलिस की ओर से चिपकवाए गए पोस्टर में सूचना देने वाले की पहचान को गुप्त रखने व इनाम देने की घोषणा भी की है।

## पीएफआई मॉड्यूल से जुड़े मो. अफरोज ने किया सरेंडर, दो साल से था फरार

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में फुलवारीशरीफ मॉड्यूल से जुड़े पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के संदिग्ध सदस्य मो. अफरोज ने मुजफ्फरपुर की विशेष यूएपीए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। वह पिछले दो साल से फरार था और पुलिस उसकी कुर्की-जब्ती की तैयारी कर रही थी। मो. अफरोज पर बरुराज के परसौनी गांव में एक ट्रेनिंग कैंप चलाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आरोप है। वह पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के कस्बा गांव का निवासी है और पीएफआई के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. रियाज मौरिफ का करीबी बताया जाता है। एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने फरवरी 2023 में मो. बेलाल की गिरफ्तारी के बाद छापेमारी कर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। एनआईए ने जब अब्दुल कादिर अंसारी के घर छापेमारी की थी, तब वहां से ट्रेनिंग कैंप के बैनर, संदिग्ध दस्तावेज और तलवारें बरामद की गई थीं। इस मामले में यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत केस दर्ज किया गया था, जिसमें मो. बेलाल, अब्दुल कादिर, रियाज मौरिफ, याकूब खान उर्फ सुल्तान उर्फ उस्मान और मो. अफरोज को आरोपी बनाया गया था। इस केस में बेलाल, कादिर और रियाज मौरिफ पहले से न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि याकूब खान अभी भी फरार है।

## तमिलनाडु में आबकारी मंत्री और उनके समर्थकों के घर पर ईडी का छापा

**करूर।** तमिलनाडु में धन शोधन मामले में ईडी ने गुरुवार को 10 से ज्यादा स्थानों पर छापे मारे। इस कार्रवाई के तहत राज्य के आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके समर्थकों के घरों पर भी छापेमारी की गई। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी की। इनमें प्रमुख रूप से करूर जिले के रायनूर स्थित कोंगू मेस के मालिक मणि का घर शामिल है। इसके अलावा, इरोड रोड पर सरकारी ठेकेदार एम शंकर आनंद और शक्ति मेस के मालिक कार्थी के आवासों पर भी छापा मारा। ये सभी लोग मंत्री सेंथिल के समर्थक माने जाते हैं। ईडी की यह छापेमारी धन शोधन के मामले में चल रही जांच का हिस्सा है, जिसके तहत कई अहम स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है।

**प्रधानमंत्री के प्रयास से उत्तराखंड में बाइक रैली और ट्रैकिंग को मिलेगा बढ़ावा**

# प्रधानमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन के साथ शीतकालीन साहसिक खेलों को दिया बढ़ावा

▶▶ **लद्दाख तर्ज पर उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र को देश का बड़ा मोटर बाईक डेस्टिनेशन बनाया जाना है।**

**देहरादून ।**

राज्य में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने एवं गंगोत्री धाम के शीतकालीन गद्दी स्थल उत्तरकाशी के मुखवा गांव में मां गंगा के दर्शन करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हर्षिल, उत्तरकाशी में शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम के तहत 2 मोटर बाइक रैली एवं 2 ट्रैक रूट दलों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने धार्मिक पर्यटन के साथ शीतकाल के समय उत्तराखंड में होने वाले साहसिक खेलों को भी बढ़ावा दिया। जिसके तहत उन्होंने नेलांग, जादुंग, सोनम एवं पीडीए घाटी के अद्भुत और अनछुए पर्यटन गंतव्यों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों का फ्लैग ऑफ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर्षिल से पी.डी.ए मोटर बाईक-एटीवी-आरटीवी रैली के 21 सदस्यों ( भारतीय सेना) के दल एवं हर्षिल-जादुंग मोटर बाइक रैली के 18 सदस्यों ( उत्तराखंड पर्यटन) के दल को फ्लैग ऑफ किया। साथ ही उन्होंने नीला पानी-मुलिंग ला पास ट्रैक के 15 सदस्यों (आई.टी.बी.पी) के दल एवं जादुंग-जनकताल ट्रैक पर जा रहे 22 सदस्यों (एन.आई.एम) के दल का भी फ्लैग ऑफ किया। मोटर बाईक-एटीवी-आरटीवी रैली (हर्षिल - पी.डी.ए), मोटर बाइक रैली (हर्षिल-जादुंग) मोटर बाइक रैली नेलांग, जादुंग, सोनम एवं पी.डी.ए वैली में आयोजित की जा रही है। इन घाटियों की भौगोलिक स्थिति लद्दाख की भांति है। जिसका उद्देश्य लद्दाख वैली की तर्ज पर उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र को देश का बड़ा मोटर बाईक डेस्टिनेशन बनाया जाना है। नीलापानी-मुलिंग ला पास ट्रैक एवं जादुंग-जनकताल ट्रैक रूट गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र में स्थित है तथा भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना बाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सम्मिलित है। जो ईनर लाईन क्षेत्र में पड़ते है, जहाँ पर आवागमन हेतु ईनर लाईन परमिट की आवश्यकता होती है। उक्त क्षेत्र को पुनः बसायत किये जाने हेतु पर्यटन विभाग द्वारा जादंग में होमस्टे बनाये जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों के रोजगार एवं आजीविका के विकास का सृजन किया जाना है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड में कोई 'ऑफ-सीजन' नहीं होना चाहिए और पर्यटन को हर मौसम में फलना-फूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, पहाड़ों में पर्यटन मौसमी है, जिसमें मार्च, अप्रैल, मई और जून के दौरान पर्यटकों की अच्छी-खासी आमद होती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसके बाद पर्यटकों की संख्या में भारी



गिरावट आती है, जिससे सर्दियों के दौरान अधिकांश होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे खाली हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस असंतुलन के कारण उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक ठहराव बना रहता है और पर्यावरण के लिए भी चुनौतियां पैदा होती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा सर्दियों के दौरान उत्तराखंड की यात्रा करने से देवभूमि की दिव्य आभा की सच्ची झलक मिलती है। उन्होंने कहा विंटर टूरिज्म में यहां, लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटीज का रोमांच, सचमुच में रोमांचित कर देगा।

# कांग्रेस अपनी ही संपत्ति का करेगी आकलन, सांगला को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।**

पूरे में देश में अलग अलग जगहों पर पड़ी कांग्रेस की संपत्ति को व्यवस्थित करने के लिए कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नया विभाग गठित करने की घोषणा के साथ ही एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष विजय इंदर सिंगला को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इस विभाग को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तहत स्थापित किया गया है और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पार्टी की संपत्तियों का सही लेखा-जोखा तैयार करना, उनकी मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और उनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करना है।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब कांग्रेस कई राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई है। बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत कर रही है। इस नए विभाग के जरिए पार्टी अपनी संपत्तियों का प्रभावी प्रबंधन कर सकेगी और चुनावी तैयारियों के लिए संसाधनों का सही इस्तेमाल करने में सक्षम होगी। इस विभाग की जिम्मेदारी पूर्व सांसद और पंजाब सरकार में मंत्री रह चुके विजय इंदर सिंगला को सौंपी गई है। सिंगला वर्तमान में एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष भी हैं और अब उन्हें कांग्रेस की संपत्तियों के प्रबंधन की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं, जिसमें सिंगला को इस नए विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। विजय इंदर सिंगला के नेतृत्व में यह विभाग देशभर में कांग्रेस की संपत्तियों की सूची तैयार करेगा, उनकी कानूनी स्थिति की जांच करेगा और उनका सही मूल्यांकन करेगा। इससे पार्टी को न केवल अपनी विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी, बल्कि यह भी स्पष्ट होगा कि कांग्रेस के पास वास्तव में कितनी संपत्ति है और उसका सही तरीके से उपयोग कैसे किया जा सकता है।

आने वाले दिनों में इस कमेटी की रिपोर्ट से कांग्रेस के आर्थिक ढांचे और संपत्ति प्रबंधन की स्थिति पर और अधिक स्पष्टता



मिलने की उम्मीद है।

कांग्रेस के पास देशभर में कई कार्यालय, भवन, जमीन और अन्य अचल संपत्तियां हैं, जो दशकों से पार्टी के संचालन का आधार रही हैं। हालांकि, इन संपत्तियों की सटीक संख्या और उनके मूल्य को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी।

## बच्चे ने खेला ऑनलाइन गेम, साइबर ठग ने मां के बैंक से उड़ा दिए डेढ़ लाख

**लखनऊ।**

साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को लाखों रुपए की चपत लगा रहे हैं। वे बुजुर्ग और बच्चों को निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला यूपी के लखनऊ का सामने आया है जहां 14 साल के बच्चे के साथ ठगी की गई है। बच्चे ने मोबाइल गेम खेलने के दौरान एक गलती की और उसकी मां के अकॉउंट से पैसे उड़ गए। उसने एप में मांगे जाने पर अपनी मां के बैंक खाते की जानकारी दे दी, जिसके बाद ठगों ने उस अकॉउंट से डेढ़ लाख रुपए उड़ा दिए। घटना गोमती नगर के विभूति खंड में रहने वाले बच्चे के साथ घटी। बच्चे की मां ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि ऑनलाइन गेम या ऑफर के नाम पर साइबर ठगी का यह पहला मामला नहीं है बल्कि पहले भी ऐसे केस सामने आते रहे हैं। इस साल जनवरी में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने 54.9 लाख रुपए का चूना लगा दिया था। ठगों ने उसे ऑनलाइन जॉब ऑफर दिया था।

अधिकारी ने बताया कि बदलापुर निवासी पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि युवक ने आरोप लगाया कि एक महिला ने खुद को एक कंपनी में टीम लीडर बताकर ऑनलाइन वर्क फॉम होम का ऑफर देते हुए उन्हें कॉन्टैक्ट किया था।

## कौशांबी से पकड़ा गया खालिस्तानी आंतकी लाजर मसीह, कुंभ में गड़बड़ी फैलाने की तैयारी

**कौशांबी ।**

यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दोनों टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सक्रिय आतंकवादी को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी के पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसकी पहचान अमृतसर के कुर्लियान गांव के रहने वाले संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह के रूप में हुई है। गिरफ्तार आतंकी महाकुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने इसकी जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक कुमार ने गिरफ्तार आतंकी को लेकर कई बड़े खुलासे किए। डीजीपी ने बताया कि आतंकी लाजर लगातार आईएसआई के संपर्क में था। पाकिस्तान में बैठे कुछ हैंडलर आंतकी लाजर लगातार ड्रोन और गोला बारूद और असलहे भेज रहे थे। डीजीपी ने बताया कि आतंकी लजर प्रयागराज में हुए महाकुंभ में कोई बड़ी आतंकी घटना करना चाहता था। इसके अलावा आतंकी पाकिस्तान से कई विस्फोटक हथियार भी अपने साथ लेकर आया था। महाकुंभ में आतंकी साजिश रचने के बाद लाजर पुर्तगाल भागने की फिराक में था। डीजीपी ने बताया कि महाकुंभ में आतंकी घटना करने के लिए आंतकी लाजर कौशांबी, लखनऊ और कानपुर में रहकर प्लान भी तैयार किया था। पुलिस को जब आतंकी घटना की जानकारी मिली तो सर्च अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लाजर मसीह को कौशांबी से गिरफ्तार कर लिया गया।

महानिदेशक (यूपी स्पेशल टास्क फोर्स, कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि आंतकी मसीह कथित तौर पर बीकेआई के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी से जुड़ा हुआ है और वह पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के सीधे संपर्क में भी था। ऑपरेशन के दौरान यूपी एसटीएफ ने तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड सहित विस्फोटक और अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया। इसके अलावा दो सक्रिय डेटोनेटर। एक विदेशी निर्मित नोरिन्को एम-54 टोकरेव पिस्तौल (7.62 मिमी)। विदेश में बने तेरह कारतूस (7.62×25 मिमी)। सफेद रंग का विस्फोटक पाउडर। गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड। बिना सिम कार्ड वाला मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

## केरल में निपाह वायरस को लेकर बढ़ी चिंता, सरकार ने शुरु की तैयारी

**तिरुंवतनमपुरम ।**

केरल में निपाह वायरस को लेकर फिर चिंता बढ़ गई है। केरल राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने कोझिकोड, मलप्पुरम, कन्नूर, वायनाड और एर्नाकुलम जिलों को जूनोटिक संक्रमण के हॉटस्पॉट मानकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। चमगादड़ों के प्रजनन के मौसम से पहले इन जिलों में जागरूकता अभियान शुरू किया गया हैं ताकि निपाह वायरस के बढ़ते खतरे को रोक सके। मिली जानकारी के मुताबिक, केरल सरकार ने रोग-ट्रैकिंग स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर कई बचाव उपाय किए हैं। इसमें सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल हैं, इसके द्वारा लोगों को निपाह वायरस से जुड़ी जोखिमों की जानकारी दी जा रही है और इससे बचाव के तरीकों के बारे में बताया जा रहा है।

दरअसल निपाह वायरस एक जूनोटिक वायरस है, यानी यह जानवरों से इंसानों में फैलता है। यह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों और सुअरों के जरिए इंसानों में फैलता है। लेकिन सबसे चिंता वाली बात यह है कि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से यह इंसान




से इंसान में भी तेजी से फैल सकता है।

यह वायरस पहली बार 1998 में मलेशिया में पाया गया था, जब यह सुअरों से इंसानों में फैला था। भारत में भी 2001 और 2018 में इसके मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, निपाह वायरस का मृत्यु दर 40 से 75 प्रतिशत तक हो सकता है, जबकि कोविड-19 की मृत्यु दर औसतन 2 से 3 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि यह वायरस कम समय में ज्यादा लोगों की जान ले सकता है। फिलहाल, इस वायरस के लिए कोई वैक्सीन या पुख्ता इलाज उपलब्ध नहीं है, जिससे इसका खतरा और बढ़ जाता है।

# सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी स्टालिन की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट से राहत

**उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी**

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री एम उदयनिधि स्टालिन को फौरी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उदयनिधि के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं हो सकतीं। साथ ही न्यायालय ने मौजूदा प्राथमिकियों की सुनवाई कर रही अदालतों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से स्टालिन को दी गई छूट संबंधी अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ा दी। दरअसल एक कार्यक्रम में उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया था कि जिस तरह से कोरोना, मलेरिया, डेंगू को खत्म करते हैं, उसी तरह सनातन धर्म का सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए, बल्कि सनातन धर्म को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ स्टालिन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने सभी प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने और शिकायतों को एक स्थान पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। पीठ ने लंबित मामले में दायर उनकी याचिका पर उन राज्यों को नोटिस जारी किए जहां नई प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं।

स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि महाराष्ट्र के अलावा पटना, जम्मू और बेंगलुरु में भी प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। उन्होंने तर्क देकर कहा कि सभी मामलों को तमिलनाडु में स्थानांतरित किया जा सकता है जहां कथित घटना हुई थी। सिंघवी ने कहा कि स्टालिन के खिलाफ बिहार में एक नया मामला दर्ज हुआ है और लंबित याचिका में वहां के शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने के लिए संशोधन याचिका दायर की गई है। वकील सिंघवी ने कहा, नूपुर शर्मा के मामले में शब्दों को बहुत अधिक आक्रामक माना जाता है। न्यायालय ने अन्य सभी मामलों को उस स्थान पर स्थानांतरित किया था जहां पहली बार प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस मामले में यहीं समाधान है। महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ने कहा था कि सनातन धर्म को मलेरिया, कोरोना, डेंगू आदि की तरह खत्म किया जाना चाहिए।



प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम मामले के गुण-दोष पर विचार नहीं कर रहे... केवल एक ही सवाल है कि क्या इन्हें एक ही स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। मेहता ने कहा कि केवल इसलिए कि हिंदुओं ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, नेता को ऐसा कहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। स्टालिन के वकील सिंघवी ने मेहता की दलीलों पर आपत्ति जताकर कहा कि वे अन्य श्रोताओं के लिए बोल रहे थे। मेहता ने कहा, नहीं, मेरे कोई और श्रोता नहीं है, मैं सिंघवी की तरह संवाददाता सम्मेलन नहीं कर सकता। इस पर सिंघवी ने पलटवार कर कहा, आप अभी अदालत में ऐसा कर रहे हैं। मामले में आगे की सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पूर्व सीएम केजरीवाल की जेड कैटेगरी सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की जेड कैटेगरी सुरक्षा जारी रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा समीक्षा के बाद यह फैसला लिया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर खतरे के आकलन के बाद आगे भी समीक्षा की जाएगी। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा स्थिति की निगरानी की जाएगी, और आवश्यकतानुसार मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल को जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है, लेकिन वह कानूनी रूप से अन्य राज्यों की सुरक्षा नहीं ले सकते। यदि कोई अन्य राज्य का वीवीआईपी दिल्ली आता है और उसे सुरक्षा दी जाती है, तो वह अधिकतम 72 घंटे तक ही वैध होगी। इसके लिए भी दिल्ली पुलिस को पूर्व सूचना देना अनिवार्य है, अन्यथा यह कानून का उल्लंघन माना जाएगा। गृह मंत्रालय के इस फैसले से साफ है कि अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## जम्मू में आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। रामबन पुलिस ने पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर मंजूर अहमद को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि मंजूर अहमद गूल व इसके आसपास के क्षेत्रों में राष्ट्र और समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। मंजूर अहमद लंबे समय से फरार था और गिरफ्तारी से बच रहा था। ऐसे में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। स्पेशल टीम ने कामयाबी हासिल करते हुए मंजूर अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

## नालंदा मे युवति की निर्मम हत्या देखकर सन्न रह गए लोग, मानवता हुई शर्मसार

बिहार शरीफ (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार को सुशासन का राज बताते हैं। लेकिन जिस तरह से युवति की निर्मम तरीके से हत्या की गई है। उसको देखने के बाद लोग सन्न रह गए हैं। मानवता शर्मसार हो गई है। ऐसे निर्मम तरीके से किसी की हत्या कोई मानव कर सकता है। बुधवार की सुबह नालंदा के बिहार शरीफ स्थित बहादुरपुर गांव में एक युवति का शब मिला है। युवती के पूरे शरीर में मारने पीटने के निशान और घाव बने हुए हैं। लड़की के दोनों पैरों पर 9 कीलें ठोकी गई हैं। युवती की उम्र 24 वर्ष की बताई जा रही है। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। जहां शव मिला है,वहां पर खून के कोई निशान देखने को नहीं मिले हैं। जिसके कारण यह माना जा रहा है। हत्या और प्रताड़ना के बाद युवति का शव लाकर यहां फेंक दिया गया है। प्रारंभिक अवस्था में लाश को देखने के बाद लग रहा है, युवती गर्भवती है।

## संभल हिंसा के एक आरोपी का फोटो वाला पोस्टर पुलिस ने सार्वजानिक स्थानों पर लगवाया

संभल (एजेंसी)। जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद उत्तरप्रदेश पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपितों की तलाश जारी है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपित का फोटो दिखाई दे रहा है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। इसके बाद अब पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपित की पहचान कराने को आरोपी का फोटो वाला पोस्टर सार्वजनिक स्थान पर चस्पा कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने अब तक करीब 76 आरोपितों की पहचान कर जेल भेज दिया है। बवाल के बाद एकत्र की गई सीसीटीवी की इन्हीं फुटेज में पुलिस को एक फुटेज ऐसी मिली है, जिसमें एक युवक भीड़ में शामिल लोगों को अपनी ओर आने का इशारा कर रहा है। पुलिस उस आरोपित की पहचान कराने में लगी रही, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी आरोपित की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे आरोपित युवक के फोटो वाले पोस्टर छपवाकर नगर में सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करवाए हैं, जिससे उनकी पहचान और उसके खिलाफ कार्रवाई हो सके। पुलिस की ओर से चिपकवाए गए पोस्टर में सूचना देने वाले की पहचान को गुप्त रखने व इनाम देने की घोषणा भी की है।

## रील बनाने के चक्कर में नहर में गिरी कार, सवार तीन युवकों को तलाश रही पुलिस

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद के फतेहवाड़ी नहर में एक स्कॉर्पियो कार जा गिरी। गुरुवार को कार जब नहर में गिरी तब उसके अंदर तीन युवक मौजूद थे। बताया जा रहा है कि, रील बनाने के चक्कर में स्कॉर्पियो कार बेकाबू होकर नहर में जा गिरी।

स्कॉर्पियो जैसे ही कैनाल में गिरी उसके तुरंत बाद वहां मौजूद दूसरे दोस्तों ने रस्सी डालकर तीनों युवकों को बचाने की कोशिश की वे लेकिन असफल रहे। जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हुए। इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। रेस्क्यू के लिए पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी को बाहर निकालकर गाड़ी में मौजूद तीनों युवकों की तलाश शुरू की गई है। पुलिस जानकारी के मुताबिक स्कोर्पियो कार 4 घंटे के लिए 3500 रुपए चुकाकर रील बनाने के लिए हृदय, ध्रुव और ऋतायु ने किराए पर ली हुई थी। स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर जब तीनों वासना बैरेज पहुंचे तब वहां पहले से ही उनके 4 दोस्त विराज सिंह, यक्ष, यश और क्रिश वहीं मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक, यक्ष ने स्कॉर्पियो गाड़ी चलाकर थोड़ी दूर जाने के बाद अपने दोस्त यश सोलंकी को चलाने के लिए दी थी। इस दौरान गाड़ी में क्रिश भी साथ में मौजूद था। स्कॉर्पियो रील बनाने के लिए ली गई थी, तब रील बनाने का काम भी जारी था। लेकिन गाड़ी अचानक बेकाबू होकर नहर में जा गिरती है। इसके बाद वहीं मौजूद तीनों युवकों के दोस्त विराजसिंह राठौड़ ने रस्सी की मदद से अपने दोस्तों को बचाने की कोशिश की लेकिन तीनों में से एक भी दोस्त रस्सी पकड़ नहीं पाए और पानी के तेज बहाव में बह गए।

# पीएम मोदी और राहुल गांधी का गुजरात दौरा... गर्माएगी सियासत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां एक बार फिर गुजरात दौरे पर जा रहे हैं, तो वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी और राहुल का यह दो दिवसीय दौरा गुजरात की राजनीति को गरमाने के लिए काफी होगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 8 मार्च को राज्य के सूरत और नवसारी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने गुजरात पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात करेंगे और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। एक तरह से पार्टी के लिए चुनावी प्लेटफार्म तैयार करने पीएम मोदी एक बार फिर गुजरात दौरे पर पहुंच रहे हैं। यहीं

प्रधानमंत्री मोदी 7 मार्च को सूरत के लिंबायत इलाके के नीलगिरी ग्राउंड में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सरकारी योजनाओं के तहत वृद्ध लाभार्थियों को विशेष किट वितरित करेंगे। इसके बाद वे सूरत के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम कर अगले दिन, 8 मार्च को नवसारी जाएंगे। यहां पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में पीएम मोदी शामिल





होंगे। नवसारी में भी वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि इससे पहले, 1 मार्च को पीएम मोदी तीन दिवसीय निजी दौरे पर गुजरात पहुंचे थे, जहां उन्होंने सौराष्ट्र के विभिन्न जिलों का दौरा किया था। उन्होंने जामनगर, गिर और जूनागढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और सोमनाथ मंदिर के दर्शन भी किए थे।

### चुनावी रणनीति पर चर्चा करने पहुंच रहे राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 7 और 8 मार्च को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। राहुल गांधी का यह दौरा आगामी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनावों की तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए हो रहा है। वे पार्टी संगठन को पुनर्गठित करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर देने वाले हैं। इसके अलावा, वे कांग्रेस के प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे। जानकारी अनुसार कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले राहुल गांधी का यह दौरा पार्टी के लिए अहम माना जा रहा है इससे रणनीति में बदलाव की संभावना व्यक्त की जा रही है।

अब चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 मार्च को गुजरात के सूरत और नवसारी जिलों के दौरे पर रहेंगे वहीं राहुल गांधी भी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात में रहेंगे तो ऐसे में राज्य की राजनीति गर्माने की पूरी उम्मीद है। इन दौरों को देखते हुए पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ता अपना पूरा जोश दिखाते दिखें तो हैरानी की बात नहीं होगी। यही वजह है कि गुजरात में राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ही आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को धार देने में जुट गई हैं।

## महाराष्ट्र की राजनीति में नया विवाद : छावा की स्क्रीनिंग से दूर रहना शिंदे की गलती तो नहीं

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में किसी न किसी बहाने राजनीति की हवा गरम होते देर नहीं लगती है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट के मंत्रियों और विधायकों ने रायगढ़ के गार्जियन मंत्री पद को लेकर चल रहे विवाद के बीच बॉलीवुड फिल्म छावा की स्क्रीनिंग में भाग नहीं लिया। यह स्क्रीनिंग अजीत पवार गुट की एनसीपी विधायक और फडणवीस सरकार में मंत्री अदिति तटकरे द्वारा आयोजित की गई थी। इस आयोजन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और अन्य प्रमुख नेताओं ने भाग लिया, जबकि शिवसेना की ओर से केवल राज्य मंत्री आशीष जैस्वाल ही उपस्थित थे। शिंदे का इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होना इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि यह पार्टी का जानबूझकर किया गया बहिष्कार हो सकता है। रायगढ़ गार्जियन मंत्री पद शिवसेना और एनसीपी के बीच एक बड़ा विवाद बन चुका है। शिवसेना इस पद पर अपना अधिकार जमाने के लिए लगातार दबाव बना रही है, जबकि एनसीपी इस पद से अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं है। शिंदे गुट के भारत गोगावले ने इस पद पर अपनी दावेदारी की है, जबकि महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे इस पद पर दावा करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले भी दोनों पार्टियों के बीच तनाव देखा गया था, जब शिवसेना के मंत्रियों ने अजीत पवार द्वारा आयोजित रायगढ़ योजना बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। इस बैठक में तटकरे भी मौजूद थीं, जिससे दोनों पार्टियों के बीच के गहरे मतभेद और बढ़े। रायगढ़ जिले में फिलहाल शिवसेना का दबदबा देखा जाता है, जहां शिंदे गुट के तीन विधायक थोरवे, दलवी और गोगावले (महाड) हैं, जबकि एनसीपी की ओर से तटकरे (श्रिवर्धन) विधायक हैं।

## अभी से तैयारी में जुटे कांग्रेस, वरना बिहार में होगा महाराष्ट्र, हरियाणा जैसा हाल

**-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने किया आगाह**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के चुनावों में हमें हार मिली है। इससे सबक लेकर बिहार चुनाव के लिए पहले से ही तैयारी करनी होगी। यदि गठबंधन में गांठ है, तब उस गांठ को समय रहते खत्म करना होगा। कांग्रेस के ही नेता तारिक अनवर ने अपनी पार्टी को यह हिदायत दी है। कांग्रेस नेता अनवर ने कहा कि बिहार चुनाव इसी साल अक्टूबर-नवंबर में है और बिना कोई समय गंवाए कांग्रेस को तैयारी में जुटना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को आगाह करते हुए कहा कि अब हमारे पास वक्त नहीं है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य अनवर ने कहा कि दूसरे राज्यों की हार से सबक लेकर आरजेडी के साथ गठबंधन की हर गांठ को खत्म कर लेना चाहिए। हमें समय रहते ही समन्वय बैठकें शुरू करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जेडीयू और भाजपा के बीच पहले ही चीजें तय होने लगी हैं। वे चुनाव कैंपेन मोड में भी चले गए हैं। कांग्रेस नेता अनवर ने कहा, 'हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में कांग्रेस की हार के बाद अब बिहार का चुनाव अहम हो गया है। इसका असर बिहार में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में होता है। यह कांग्रेस और हमारे सहयोगी दलों की जरूरत है कि बिहार में भाजपा और जेडीयू को हरा दिया जाए। इसलिए मेरी अपनी राय है कि हम देरी स्वीकार नहीं कर सकते। यदि कांग्रेस पार्टी देरी करती हैं, तब नुकसान होगा। चुनाव से कुछ सप्ताह या दिन पहले सक्रिय करने से कोई फायदा नहीं है। हमें अभी से बिहार चुनाव की तैयारी शुरू करनी होगी।' अनवर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अलर्ट कर कहा कि लीडरशिप को हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के नतीजे देखने चाहिए। इन नतीजों से सबक लेकर बिहार की तैयारी की जाए। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और बिहार इकाई के बीच तुरंत ही समन्वय बनाकर काम शुरू किया जाए।

## सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी स्टालिन की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट से राहत

**-उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री एम उदयनिधि स्टालिन को फौरी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उदयनिधि के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं हो सकतीं। साथ ही न्यायालय ने मौजूदा प्राथमिकियों की सुनवाई कर रही अदालतों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से स्टालिन को दी गई छूट संबंधी अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ा दी। दरअसल एक कार्यक्रम में उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया था कि जिस तरह से कोरोना, मलेरिया, डेंगू को खत्म करते हैं, उसी तरह सनातन धर्म का सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए, बल्कि सनातन धर्म को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ स्टालिन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने सभी प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने और शिकायतों को एक स्थान पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। पीठ ने लंबित मामले में दायर उनकी याचिका पर उन राज्यों को नोटिस जारी किए जहां नई प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं।

स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि महाराष्ट्र के अलावा पटना, जम्मू और बेंगलुरु में भी प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। उन्होंने तर्क देकर कहा कि सभी मामलों को तमिलनाडु में स्थानांतरित किया जा सकता है जहां कथित घटना हुई थी। सिंघवी ने कहा कि स्टालिन के खिलाफ बिहार में एक नया मामला दर्ज हुआ है और लंबित याचिका में वहां के शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने के लिए संशोधन याचिका दायर की गई है। वकील सिंघवी ने कहा, नूपुर शर्मा के मामले में शब्दों को बहुत अधिक आक्रामक माना जाता है। न्यायालय ने अन्य सभी मामलों को उस स्थान पर स्थानांतरित किया था जहां पहली बार प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस मामले में यहीं समाधान है। महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ने कहा था कि सनातन धर्म को मलेरिया, कोरोना, डेंगू आदि की तरह खत्म किया जाना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम मामले के गुण-दोष पर विचार नहीं कर रहे... केवल एक ही सवाल है कि क्या इन्हें एक ही स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। मेहता ने कहा कि केवल इसलिए कि हिंदुओं ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, नेता को ऐसा कहने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## कौशांबी से पकड़ा गया खालिस्तानी आंतकी लाजर मसीह, कुंभ में गड़बड़ी फैलाने की तैयारी

**कौशांबी (एजेंसी)।** यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दोनों टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सक्रिय आतंकवादी को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी के पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसकी पहचान अमृतसर के कुर्लियान गांव के रहने वाले संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह के रूप में हुई है। गिरफ्तार आतंकी महाकुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक कुमार ने गिरफ्तार आतंकी को लेकर कई बड़े खुलासे किए। डीजीपी ने बताया कि आतंकी लाजर लगातार आईएसआई के संपर्क में था। पाकिस्तान में बैठे कुछ हैंडलर आंतकी लाजर लगातार ड्रोन और गोला बारूद और असलहे भेज रहे थे। डीजीपी ने बताया कि आतंकी लजर प्रयागराज में हुए महाकुंभ में कोई बड़ी आतंकी घटना करना चाहता था। इसके अलावा आतंकी पाकिस्तान से कई विस्फोटक हथियार भी अपने साथ लेकर आया था। महाकुंभ में आतंकी साजिश रचने के बाद लाजर पुर्तगाल भागने की फिराक में था। डीजीपी ने बताया कि महाकुंभ में आतंकी घटना करने के लिए आंतकी लाजर कौशांबी, लखनऊ और कानपुर में रहकर प्लान भी तैयार किया था। पुलिस को जब आतंकी घटना की जानकारी मिली तो सर्च अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लाजर मसीह को कौशांबी से गिरफ्तार कर लिया गया।

महानिदेशक (यूपी स्पेशल टास्क फोर्स, कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि आंतकी मसीह कथित तौर पर बीकेआई के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ ??जीवन फौजी से जुड़ा हुआ है और वह पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के सीधे संपर्क में भी था। ऑपरेशन के दौरान यूपी एसटीएफ ने तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड सहित विस्फोटक और अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया। इसके अलावा दो सक्रिय डेटोनेटर। एक विदेशी निर्मित नोरिन्को एम-54 टोकरेव पिस्तौल (7.62 मिमी)। विदेश में बने तेरह कारतूस (7.62×25 मिमी)। सफेद रंग का विस्फोटक पाउडर। गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड। बिना सिम कार्ड वाला मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

## माता-पिता दोनों की अनुमति के बिना नहीं बनेगा नाबालिग का पासपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माता-पिता दोनों की अनुमति के बिना अब नाबालिग का पासपोर्ट नहीं बनेगा। अगर किसी एकल अभिभावक ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन दिया है, तब उन्हें पहले से ज्यादा सूचनाएं और उनकी पुष्टि करने वाले दस्तावेज देना होगा। उन्हें दूसरे अभिभावक की ओर से सहमति न मिलने का कारण भी स्पष्ट करना होगा।

दरअसल विदेश मंत्रालय ने बीते दिनों नाबालिग के आवेदन के साथ लगने वाले अनुलग्नक-सी (माता-पिता की ओर से घोषणा-पत्र) में परिवर्तन किया है। अनुलग्नक-सी में सही जानकारी नहीं देने पर पासपोर्ट के आवेदन पर विचार नहीं होगा। नाबालिग के पासपोर्ट के आवेदन के साथ दोनों अभिभावकों की सहमति दी गई है, तब उन्हें अनुलग्नक-डी और एक अभिभावक की सहमति होने पर अनुलग्नक-सी भरकर देना होता है। इसमें अक्सर आवेदकों की ओर से सही जानकारी नहीं दी जाती थी। इसतरह के कई मामले सामने आए हैं, जिसमें अभिभावकों




के बीच विवाद होने पर पूरी जानकारी नहीं दी गई थी। आवेदन करने वाले अभिभावक की ओर से दूसरे की सहमति न मिलने का कारण उसका विदेश में रहना बताया गया। पूर्व में इसतरह के मामलों में विदेश में रहने के सुबूत दिया जाना अनिवार्य नहीं था।

वहीं, कोर्ट में तलाक का केस चलने पर सिंगल अभिभावक की ओर से आवेदन करने पर उनके लिए यह जानकारी देना अनिवार्य नहीं था कि न्यायालय की ओर से उन्हें बच्चे की कस्टडी दी गई है या नहीं। पासपोर्ट बनवाने के दौरान इसतरह के दस्तावेज जमा करने की अनिवार्यता भी नहीं थी जिसमें कोर्ट के पासपोर्ट जारी करने पर कोई शर्त या प्रतिबंध तो नहीं लगा रखा है।

1.माता या पिता में से कोई एक विदेश में रह रहा है और अनुमति देने में असमर्थ हैं, तब उनके पासपोर्ट और वीजा की कॉपी भी जमा करानी होगी।

2. अगर कोई एक अभिभावक विदेश यात्रा के लिए गया है, तब पासपोर्ट, वीजा के साथ टिकट या बोर्डिंग पास की कॉपी देनी होगी।

3. तलाक होने की स्थिति में सिंगल अभिभावक को आवेदन के साथ कोर्ट से बच्चे की कस्टडी और देखरेख के अधिकार का दस्तावेज देना होगा।

4. तलाक होने या मामला विचाराधीन होने पर अगर कोर्ट ने पासपोर्ट के संबंध में कोई निषेधाज्ञा लागू नहीं की है, तब तलाक याचिका की कॉपी देनी होगी।


5. तलाक हो जाने पर या मामला विचाराधीन होने पर अगर कोर्ट ने पासपोर्ट के संबंध में निषेधाज्ञा लागू की है, तब दोनों अभिभावकों की सहमति या न्यायालय की अनुमति जरूरी होगी।

## केरल में निपाह वायरस को लेकर बढ़ी चिंता, सरकार ने शुरु की तैयारी

**तिरुवंतनमपुरम (एजेंसी)।** केरल में निपाह वायरस को लेकर फिर चिंता बढ़ गई है। केरल राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने कोझिकोड, मलप्पुरम, कन्नूर, वायनाड और एर्नाकुलम जिलों को जूनोटिक संक्रमण के हॉटस्पॉट मानकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। चमगादड़ों के प्रजनन के मौसम से पहले इन जिलों में जागरूकता अभियान शुरू किया गया हैं ताकि निपाह वायरस के बढ़ते खतरे को रोक सके।

मिली जानकारी के मुताबिक, केरल सरकार ने रोग-ट्रैकिंग स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर कई बचाव उपाय किए हैं। इसमें सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल हैं, इसके द्वारा लोगों को निपाह वायरस से जुड़ी जोखिमों की जानकारी दी जा रही है और इससे बचाव के तरीकों के बारे में बताया जा रहा है।

दरअसल निपाह वायरस एक जूनोटिक वायरस है, यानी यह जानवरों से




इंसानों में फैलता है। यह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों और सुअरों के जरिए इंसानों में फैलता है। लेकिन सबसे चिंता वाली बात यह है कि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से यह इंसान से इंसान में भी तेजी से फैल सकता है।

यह वायरस पहली बार 1998 में मलेशिया में पाया गया था, जब यह सुअरों से इंसानों में फैला था। भारत में भी 2001 और 2018 में इसके मामले सामने आए थे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, निपाह वायरस का मृत्यु दर 40 से 75 प्रतिशत तक हो सकता है, जबकि कोविड-19 की मृत्यु दर औसतन 2 से 3 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि यह वायरस कम समय में ज्यादा लोगों की जान ले सकता है। फिलहाल, इस वायरस के लिए कोई वैक्सीन या पुख्ता इलाज उपलब्ध नहीं है, जिससे इसका खतरा और बढ़ जाता है।

## हिंदु मतदाताओं का जीत विश्वास, केरल में यूडीएफ और एलडीएफ का खेल बिगाड़ेगी भाजपा

**-लगातार बढ़ रहा भाजपा का वोट प्रतिशत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय बाकी है, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और लेफ्ट की अगुवाई वाले एलडीएफ ने चुनावी तैयारियां अभी से शुरू कर दी है। इस बीच लोगों में पैठ बना रही भाजपा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व वाम दलों की चुनौतियां बढ़ा सकती है।

केरल में बीते 10 वर्षों से वाम दल सत्ता में है। हालांकि वर्ष 2019 और 2024 के आम चुनाव में यूडीएफ ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यह कहना मुश्किल है, कि लोकसभा का असर विधानसभा में दिखाई देगा। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद वर्ष 2021 विधानसभा चुनाव में एलडीएफ ने केरल में सरकार बनाई थी। चुनावी रणनीतिकार मानते हैं कि पहले मतदाताओं के सामने यूडीएफ और एलडीएफ दो ही विकल्प होते थे। अब धीरे-धीरे दोनों गठबंधनों के वोट बैंक में सेंध लगाकर भाजपा अपनी जगह बना रही है। नायर और मछुआरा समुदायों पर भाजपा की पहले से नजर है। दोनों समुदाय अमूमन चुनाव में एलडीएफ का समर्थन करते रहे हैं।

केरल में अब तक राजनीति दो ध्रुवीय रही है, लेकिन भाजपा के प्रवेश के बाद सियासत बदल गई है। अगर भाजपा सभी सीट पर चुनाव लड़ती है, तब मुकाबला त्रिकोणीय होगा है। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में अभी अपना प्रदर्शन बरकरार रखती है, तब यह यूडीएफ और एलडीएफ दोनों का गणित बिगाड़ सकती है। क्योंकि, भाजपा का वोट बैंक लगातार बढ़ रहा है। लोकसभा में एनडीए को 19 फीसदी वोट मिले। जबकि 2021 विधानसभा में यह 12 प्रतिशत था।

केरल में कांग्रेस रणनीतिकार मानते हैं कि एलडीएफ सरकार के खिलाफ लोगों में खासी नाराजगी है। पर क्या यूडीएफ मतदाताओं की नाराजगी को अपने पक्ष में बदल पाएगी। वहीं, एलडीएफ के लिए भी अपना पुराना प्रदर्शन दोहराना आसान नहीं है। इसकी बड़ी वजह लोकसभा चुनाव में त्रिशूर सीट से भाजपा की जीत है। भाजपा ने केरल में सिर्फ त्रिशूर सीट से जीत दर्ज नहीं की है, करीब एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिले हैं। भाजपा के प्रदर्शन से साफ है कि वह हिंदू मतदाताओं को भरोसा जीतने में सफल रही है। वहीं, ईसाई मतदाताओं के लिए भी भारतीय जनता पार्टी अब दूर नहीं है।



